Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to open a regional news channel in Bhawanipatna Doordarshan Kendra in Kalahandi Parliamentary Constituency, Odisha.

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आज मुझे बजट के दूसरे चरण में बोलने का मौका मिला है। मैं आज अपने लोक सभा क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने जा रहा हूं। जिला कालाहांडी ओडिशा का एक पिछड़ा जिला है, जिसका मुख्यालय भवानीपटना है। यहां एक दूरदर्शन केन्द्र है, जहां पर देश का एक हाई पावर ट्रांसमीटर लगा है। यह पश्चिम ओडिशा के 10 आदिवासी पिछड़े और माओइस्ट जिले को रिप्रेजेंट करता है। दस जिले के लोग दूरदर्शन पर निर्भर करते हैं। लेकिन इन जिलों की कोई भी न्यूज भुवनेश्वर न्यूज डिवीजन से कवरेज नहीं होती है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से विनम्र आग्रह करता हूं कि भवानीपटना दूरदर्शन में एक क्षेत्रीय न्यूज सेक्शन खोलने की अनुमति प्रदान करें। धन्यवाद।

माननीय सभापति: श्री जुगल किशोर शर्मा – उपस्थित नहीं।

श्री विजय कुमार दूबे।